दैनिक बिहार पत्रिका
DAINIK BIHAR PATRIKA


**सुविचार**

"आज के परिणाम अतीत के कर्मो से तय होते है। अपने भविष्य को बदल पाने के लिए आज के फैसलों को बदले।"


# दैनिक बिहार पत्रिका

सच के साथ

पटना, शानिवार, 10 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 3 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com


BREAKING NEWS

## कठपुलिया के पास अज्ञात शव बरामद, सनसनी

**दैनिक बिहार पत्रिका ,**चौथम। मानसी थाना क्षेत्र के रेलवे पुल संख्या 49 यानि कठपुलिया के नीचे शुक्रवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नहीं हो पायी है। शव मिलने के बाद बाद आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैली गई है। लोगों के बीच युवक की मौत को लेकर तरह-तरह का चर्चाएं हो रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मानसी थानाध्यक्ष शुभम कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंचकर शव को क जे में लिया। साथ ही पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की शव की पहचान करायी जा रही है।

## स्मैकर गिरोह पर नकेल कसने की बनी रणनीति

**दैनिक बिहार पत्रिका,** गोगरी। गोगरी ने नए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने गोगरी के विभिन्न इलाकों में फैले स्मैकर गिरोह पर नकेल कसने के लिए रणनीति बनायी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में फैले स्मैकर गिरोह को चिन्हित कर सूची बनाई जा रही है। उनके खिलाफ ऑपरेशन अभियान चलाया जाएगा। स्मैकर गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए तैयारी रणनीति के अनुरूप कार्य किया जाएगा।

# प्रोपर्टी डीलर के घर छापेमारी में 1.30 करोड़ रुपये बरामद

**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**



**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर में प्रॉपर्टी डीलर शंकर यादव के बरारी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार की सुबह आयकर और एनआइए की टीम ने संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी में 01 करोड़ 30 लाख रुपये, जेवरात और जमीन के दस्तावेज बरामद हुए हैं। रांची से पहुंची एनआईए की टीम शंकर यादव को गिरफ्तार कर रांची साथ ले गई। एनआईए रांची की टीम को जेल में बंद अमन साहू गैंग से शंकर यादव के नजदीकी रिश्ते के साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस क्रम में इनकम टैक्स की टीम से समन्वय बनाकर शंकर यादव के घर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। शंकर यादव के ठिकाने से एनआईए ने 01 करोड़ 30 लाख रुपये बरामद करने का दावा किया है। एनआईए को अमन साहू का भाई आकाश साहू शंकर यादव के बरारी स्थित घर पर पनाह लेता था। गैंग की तरफ से वसूली गई लाखों की रकम को शंकर जमीन और अन्य धंधों में निवेश करता था। उधर, आयकर की इन्वेस्टिगेशन टीम ने शंकर यादव के बरारी स्थित आवास पर छापेमारी कर लाखों रुपये, जेवरात और दस्तावेज बरामदगी की बात कही है। तीन वाहनों में पहुंची टीम ने शंकर यादव के आवास के मुख्य द्वार पर पहुंची ही थी कि अंदर मौजूद परिवार के सदस्यों ने मुख्य द्वार अंदर से लॉक कर दिया। टीम के अधिकारियों ने पुलिस जवानों को आवास से सटे एक पेड़ के सहारे चारदीवारी के अंदर दाखिल कराते हुए मुख्य द्वार का लॉक खुलवाया। फिर टीम अंदर प्रवेश कर गई। किलेनुमा घर के अंदर प्रॉपर्टी डीलर के परिवार के सदस्यों को टीम के आगमन की विधिवत जानकारी दे छापेमारी में सहयोग को कहा गया। इस दौरान एक महिला सदस्य मकान के पिछले हिस्से में निर्माणाधीन लिफ्ट वाली जगह पर बैग फेंकते मिल गई। पुलिस जवानों के सहयोग से बैग को टीम के अधिकारियों ने क जे में ले लिया। टीम को घर के अंदर लाखों रुपये नकदी, जेवरात, बेशकीमती भूखंडों के दस्तावेज, एग्रीमेंट पेपर, बांड आदि मिले हैं। टीम के अधिकारियों ने रुपये गिनती करने के लिए घर के अंदर मशीन और खाली बक्से भी मंगा रखी है। टीम में शामिल एक अधिकारी की मानें तो घर के अंदर मिले नकदी, जमीन के दस्तावेज, जेवरात को लेकर पूछताछ में शंकर यादव के पारिवारिक सदस्य सही से जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्हें अलग-अलग कर टीम पूछताछ कर रही है। इनकम टैक्स की टीम आवासीय परिसर में लगी महंगी लग्जरी कारों और अधिक नकदी को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों से भी संपर्क साधा है। अचानक हुई इस कार्रवाई से हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बरारी में हड़कंप की स्थिति बनी रही। सभी छापेमारी की वजह जानने में लगे थे। मूल रुप से मधेपुरा जिले के रहने वाले शंकर यादव की एक ट्रैक्टर की एजेंसी के अलावा बालू, छर्री, गिट्टी, सीमेंट के अलावा जमीन की खरीद-बिक्री का भी कारोबार है। आयकर की छापेमारी में शंकर के कई सहयोगियों की भी जानकारी टीम को हाथ लगी है। आयकर सूत्रों के अनुसार जमीन से जुड़े दस्तावेज और एग्रीमेंट पेपर के अलावा एक डायरी भी हाथ लगी है जिसमें नवगछिया के सधुआ चापर, गोपालपुर प्रखंड के तेरासी, पंचगछिया, सैदपुर, तिनटंगा करारी के अलावा मधेपुरा के चौसा, लौआलगाम, भागलपुर के बाइपास, नाथनगर, मधुसूदनपुर, सबौर और बरारी के कई प्रोपर्टी डीलर के नाम, मोबाइल नंबर, रुपये के लेनदेन आदि का जिक्र है।

# धनकुंड थानाध्यक्ष ने लोडेड टमाटर कैरेट के नीचे से बरामद की विदेशी शराब

## पिकअप वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत धनकुंड थाना के युवा थानाध्यक्ष मंटू कुमार के द्वारा चलायी गई गहन वाहन चेकिंग अभियान के तहत स्माइल स्कूल के समीप गश्ती एवं छापेमारी के क्रम में पिकअप पर लोडेड टमाटर कैरेट के नीचे से भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए मौके वारदात चालक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालक रामनुनू कुमार पिता- सत्यनारायण चौधरी, साकिन- गोनूचक थाना- बछवाड़ा जिला- बेगूसराय निवासी है। कुल बरामद शराब में इंपीरियल ब्लू रिजर्व ग्रेन व्हिस्की 375 एमएल का 43 कार्टून 1032 बोतल 387 लीटर, इंपीरियल ब्लू फिनेस्ट ग्रेन व्हिस्की 180 एमएल का 06 कार्टून 288 बोतल 51.84 लीटर, रॉयल स्टेग प्रीमियम व्हिस्की 375 एमएल का 21 कार्टून 504 बोतल 189 लीटर, मैकडॉवेल्स नंबर वन डिलक्स व्हिस्की 375 एमएल का 30 कार्टून 720 बोतल 270 लीटर कुल शराब की मात्रा 2544 बोतल 897.84 लीटर शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार उक्त कार्रवाई की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि झारखंड से शराब की खेप गुजरने वाली है। सूचना मिलते ही स्माइल स्कूल के समीप गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पिकअप पर लोडेड टमाटर लदे वाहन से अवैध शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि जब्त शराब व वाहन चालक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई किया जा रहा है। फिलवक्त धनकुंड थानाक्षेत्र में थानाध्यक्ष मंटू कुमार की खौफ साफतौर पर नजर आ रही है।

# बांका: प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग कार्यक्रम अंतर्गत विज्ञान विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## डीएम ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



**दैनिक बिहार पत्रिका। प्रदीप कुमार**

**बांका। बिहार।** प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग कार्यक्रम अंतर्गत विज्ञान विषय (कक्षा 6-8) जिलास्तरीय प्रतियोगिता डायट बांका में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें सभी प्रखंडों के चयनित विद्यालयों ने भाग लिया और अपनी प्रदर्शनी प्रस्तुत की। उनके द्वारा पवन ऊर्जा, सौरमंडल, जलचक्र, ड्रिप सिंचाई मानव के आंतरिक प्रणाली, ऑक्सीजन की उपस्थिति, प्रकाश संश्लेषण इत्यादि पर अपने मॉडल प्रस्तुत किये गये। बच्चों के बनाए गए प्रदर्शनी का जायजा लिया गया। उनके द्वारा संबंधित प्रदर्शनी के बारे में बच्चों से जानकारी भी लिया गया। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। इस दौरान डायट के प्रभारी प्राचार्य सहित अन्य मौजूद थे।

# सन्हौला माघी काली मेला: पट खुलते ही मंदिरों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़





**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**



**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला बाजार में माघी काली पूजा और मेला का आयोजन शुक्रवार को शुरु हो गया। माँ काली का पट खुलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला के लिए मेला परिसर आकर्षक झालर व फूल से सज-धजकर तैयार हो गया है। विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन मेला में लग गया है। मेला में तारामांची, ड्रैगन रेल, स्विमिंग पूल, ब्रेक डांस, इलेक्ट्रिक नाव, ट्रेपुलिंग, चलन्त स्टूडियो, रील मेकर, चित्रहार आकर्षण का केंद्र है। वहीं आग से जलता हुआ पान (लौ युक्त) के दुकान पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावे खिलौने, मिठाई की दुकान, चाट- चाउमीन, पानी-पूड़ी की दुकान, मनिहारा, आचार, हार्डवेयर के दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। मेला में बच्चों, युवकों व महिलाओं के मनोरंजन के अलग-अलग संसाधन देखे जा रहे हैं। मेला में एक ओर जहां जगह- जगह सीसीटीवी लगाकर मेला में घूमने वाले लोगों के हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वहीं शांतिपूर्ण रूप से पूजा व मेला संचालन हेतु मेलाध्यक्ष सुबोध पासवान, पूजा समिति अध्यक्ष विभाष चंद्र, पूजा के मेढ़पति विश्वजीत कुमार भानू, अविनाश यादव, अशोक साह सहित मेला समिति के दर्जनों सदस्य हमेशा सक्रिय दिख रहे हैं। साथ ही सन्हौला पुलिस भी बराबर गश्ती करते हुए दिखे। पूजा कमिटी के अध्यक्ष विभाष चंद्र ने बताया कि माघी काली पूजा पिछले 71 वर्षों से परंपरागत तरीके से सन्हौला बाजार में हो रहा है। मेलाध्यक्ष सुबोध पासवान ने बताया कि सन्हौला माघी काली मेला इस क्षेत्र का इकलौता मेला होने के कारण यहां काफी भीड़ लगती है। सन्हौला प्रखंड के आसपास के दर्जनों पंचायत के लोग, बांका जिले के धोरैया प्रखंड के लोग व झारखंड के सीमावर्ती प्रखंड के लोग मेला का लुफ्त उठाने आते हैं। मेढ़पति विश्वजीत कुमार भानू ने बताया कि मेला 3 दिन तक चलेगा और प्रतिमा का विसर्जन 12 फरवरी को किया जायेगा।

## 71 वर्षों से परंपरागत तरीके से सन्हौला बाजार में हो रहा है "माघी काली पूजा "

# सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन**

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी प्रखंड अंतर्गत सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार बौंसी थानाक्षेत्र अंतर्गत भंडारीचक निवासी स्वर्गीय चंदू मंडल का 60 वर्षीय पुत्र बालमुकुंद मंडल अपने घर के आगे सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान बौंसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बालमुकुंद मंडल जख्मी होकर वहीं सड़क किनारे गिर पड़ा। पुत्र एवं परिजनों की सहयोग से जख्मी अवस्था में बालमुकुंद मंडल को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात रेफरल अस्पताल प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मोटरसाइकिल सवार की पहचान कुड़रो गांव निवासी त्रिलोक पांडे के 20 वर्षी पुत्र सत्यम पांडे के रूप में की गई है। बताया जाता है की , मोटरसाइकिल सवार भी इस घटना में



गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। डॉक्टर ने जख्मी सत्यम पांडे की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया है। इधर घटना की सूचना के बाद पहुंची बौंसी पुलिस के पुलिस अवर निरीक्षक मनोरंजन प्रसाद भी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए और शव को अपने क जे में ले लिया। बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेजा जायेगा। इधर घटना के बाद मृतक की पत्नी चद्रिका देवी, पुत्र मिथुन मंडल, सुजीत मंडल, विकास मंडल सहित अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो रहा है।

# आपसी विवाद में महिला घायल, भर्ती

## स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बीच बचाव किया गया

**दैनिक बिहार पत्रिका, परबत्ता/ खगड़िया**

जिले के मड़ैया ओपी क्षेत्र के पिपरालतीफ गांव में शुक्रवार की शाम आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट की घटना में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला पिपरालतीफ गांव निवासी रुकसाना खातून बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम रुकसाना खातून व उसके पड़ोसी बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरु हुआ। मौके पर दिनों के बीच मारपीट होने लगा। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बीच बचाव किया गया, लेकिन तब तक रुकसाना खातून घायल हो गई। घायल का प्राथमिक उपचार सीएचसी में किया गया । इधर डॉ राजीव कुमार ने बताया कि घायल महिला के प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति में सुधार है।

# पंजवारा: पिकअप वैन की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन




पंजवारा। बांका। बिहार। गुरुवार रात जिलांतर्गत पंजवारा संकटमोचन चौक के समीप धोरैया रोड स्थित एक धान व्यवसायी के घर के आगे खड़ी धान की बोरियां लदी बोलोरो 207 पिकअप वैन को अज्ञात चोर ले उड़े। जानकारी के अनुसार पंजवारा संकटमोचन चौक निवासी गौतम पूर्वे उर्फ गौतम साह की पिकअप वैन रोजाना की तरह उनके दरवाजे पर रात में खड़ी थी लेकिन शुक्रवार सुबह सोकर उठे तो दरवाजे पर पिकअप वैन खड़ी नहीं मिली। गाड़ी के ड्राइवर एवं अन्य लोगों से पूछताछ के बाद भी जब इसकी कोई खबर नहीं मिली तो व्यवसायी ने इसकी सूचना पंजवारा थाना को दी। मौके पर दलबल के साथ पहुंचे पंजवारा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने व्यवसायी से पूछताछ के बाद आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज की छानबीन की। इस दौरान धोरैया रोड के सर्वोदय होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में रात्रि के करीब एक बजे कार से आये कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पिकअप वैन को चोरी कर धोरैया की ओर ले जाने की बात सामने आई है। इस पूरे मामले पर थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी के वारदात को लेकर धोरैया रोड एवं पंजवारा संकटमोचन चौक के आसपास लगे दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं जिससे कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# बौंसी: दो अलग-अलग जगह से स्कॉर्पियो चोरी, जांच में जुटी पुलिस





दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

बौंसी। बांका। बिहार। अज्ञात चोरों के द्वारा दो अलग-अलग जगह से स्कॉर्पियो वाहन की चोरी कर ली गई है। घटना गुरुवार देर रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बौंसी थानाक्षेत्र के श्यामबाजार निवासी धनंजय चौधरी के पुत्र मिथलेश चौधरी के घर के पास से भी अज्ञात चोरों ने स्कॉर्पियो वहां से चुरा लिया। हालांकि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की पड़ताल में जुट गई है। स्थानीय लोग एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बताया गया कि, अज्ञात चोर बीते 26 जनवरी से ही स्कॉर्पियो चोरी करने की फिराक में थे। बताया गया कि सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट मिथिलेश चौधरी के घर के समीप 26 जनवरी से ही शिरकत कर रही थी। इसके बाद अज्ञात चोरों ने स्कॉर्पियो वाहन की चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने लिखित आवेदन बौंसी थाने में दिया है और पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार देर रात नगर पंचायत अंतर्गत स्थित गोकुल विहार होटल के पास से भी अज्ञात चोरों के द्वारा स्कॉर्पियो वाहन की चोरी कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार बौंसी नगर पंचायत के सफाई संवेदक जमुई निवासी मुकेश कुमार गुरुवार को बौंसी आए थे। इसी क्रम में देर रात हो जाने के कारण होटल गोकुल बिहार में रुके थे और अपनी स्कॉर्पियो वाहन को होटल के बाहर ही खड़ी कर दिये थे। शुक्रवार सुबह जब मुकेश कुमार ने देखा तो स्कॉर्पियो वहां होटल के बाहर नहीं थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद बौंसी पुलिस को सूचना दी गई। बौंसी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी। जांच के दौरान पाया गया कि होटल गोकुल विहार में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था लेकिन उसके रिकॉर्डिंग की व्यवस्था नहीं थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। रिकॉर्डिंग नहीं होने की वजह से अज्ञात चोरों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं संवेदक मुकेश कुमार ने बताया कि होटल की लापरवाही के वजह से उनका स्कॉर्पियो वाहन चोरी हो गया। मौके पर पहुंचे एसआई अनिरुद्ध कुमार, थाना मैनेजर विनय कुमार पांडे सहित अन्य पुलिस बल ने होटल संचालक पंकज भगत से पूछताछ की है। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। मालूम हो कि एक ही दिन में अज्ञात चोरों ने दो जगह पर स्कॉर्पियो वाहन की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों को प्रशासन का तनिक भी खौफ नहीं है।

# शिविर में 338 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

बांका। बिहार। जिलांतर्गत अमरपुर रेफरल अस्पताल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत शिविर का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। अस्पताल प्रबंधक ऋषि कुमार ने बताया कि शिविर में रेफरल प्रभारी डॉ0 रायबहादुर, डॉ0 सुधा कुमारी, डॉ0 अपूर्व कुमार, डॉ0 सूरज कुमार आदि ने गर्भवती महिलाओं की ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिन, हिमोग्लोबिन, वजन, हेपेटाइटिस बी आदि की जांच की तथा उन्हें उचित खान- पान तथा पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हुए गर्भावस्था के दौरान आराम करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शिविर में 338 गर्भवती महिलाओं की जांच की की गई। इस मौके पर बीसीएम सोनम भारती, अभिषेक घोष, रविन्द्र सिंह भोला समेत सभी एएनएम मौजूद रहे।

# बच्ची के दुष्कर्म मामले में नाबालिग आरोपी को भेजा बाल सुधार गृह




दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

बांका। बिहार। जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने नाबालिग आरोपी को हिरासत में लेकर उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थानाक्षेत्र के एक गांव में एक किशोर पर पिछले वर्ष दिसंबर में एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप बच्ची के परिजनों ने लगाया था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता की मेडिकल जांच कराई तथा गुरूवार की देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया। उक्त आरोपी को शुक्रवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# बांका: इंस्पेक्टर ने की गोलीबारी मामले की जांच

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन



पंजवारा। बांका। बिहार। बौंसी पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर राजरतन ने शुक्रवार को पंजवारा बाजार पहुंचकर कपड़ा व्यवसायी शंभु साह के घर डकैती के नियत से घर में घुसे हथियारबंद अपराधियों द्वारा किए गए गोलीबारी की घटना की जांच की। इंस्पेक्टर ने गृहस्वामी एवं आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि घटना की हर एक पहलू की जांच बारीकी से की जाएगी। इस दौरान पंजवारा थानाध्यक्ष मनीष कुमार भी मौजूद रहे। वहीं डकैतों से भिड़ने के दौरान उनकी गोली से घायल हुए आइटीबीपी जवान विकास कुमार के सीने में फंसी गोली को पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान ऑपरेशन के द्वारा सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है अब वे खतरे से बाहर हैं। पटना में इस दौरान जवान के परिजन एवं आईटीबीपी के भी अधिकारी मौजूद रहे।

# मुक्ति की देवी हैं मां सरस्वती, ज्ञान और चेतना का प्रतिनिधित्व करती हैं

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



सरस्वती, ज्ञान और चेतना का प्रतिनिधित्व करती हैं। वे वेदों की जननी हैं और उनके मंत्रों को 'सरस्वती वंदना' भी कहते हैं। माना जाता है कि सरस्वती, शिव और देवी दुर्गा की बेटी हैं। वह मनुष्य की वाणी, बुद्धि और विद्या की शक्तियों से संपन्न होती हैं। उनके पास व्यक्तित्व के चार पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हुए चार हाथ हैं- मन, बुद्धि, सतर्कता और अहंकार। एक हाथ में ग्रंथ, जो वेदों का प्रतीक बताए जाते हैं और दूसरे हाथ में कमल है, जो ज्ञान का प्रतीक है। अन्य दो हाथों के साथ सरस्वती, वीणा नामक एक वाद्य यंत्र पर प्रेम और जीवन का संगीत बजाती हैं। उन्होंने सफेद कपड़े पहने हैं, यह पवित्रता का प्रतीक है। वह सफेद हंस पर सवार होकर सत्त्वगुण (पवित्रता और भेदभाव का प्रतीक) प्रदान करती हैं। रवींद्र नाथ टैगोर ने अपने एक निबंध 'साधना' में लिखा है कि सरस्वती के संबंध में मंजुश्री की पत्नी का नाम उल्लेखनीय है। प्रबुद्ध व्यक्ति ज्ञान और ज्ञान के प्रतिनिधि के रूप में देवी सरस्वती की पूजा को बहुत महत्व देते हैं। उनका मानना है कि केवल सरस्वती ही उन्हें मोक्ष प्रदान कर सकती हैं। सिर्फ वही आत्मा को मुक्त कर सकती हैं। सरस्वती का शाप क्या है? शिक्षा और कलात्मक कौशल बहुत व्यापक हो जाता है, तो यह महान सफलता का कारण बन सकता है, जो धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी के साथ समान है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, सफलता के साथ लक्ष्मी लाती हैं- प्रसिद्धि और भाग्य। फिर व्यक्ति बदल जाता है, प्रसिद्धि और भाग्य के लिए दिखावा करता है और ज्ञान की देवी सरस्वती को भूल जाता है। इस प्रकार लक्ष्मी, सरस्वती की देख-रेख करती हैं। सरस्वती विद्या लक्ष्मी के लिए कम हो जाती है, जो ज्ञान में बदल जाती है। ज्ञान व्यवसाय, प्रसिद्धि और भाग्य का एक उपकरण बन जाता है। शिक्षा और ज्ञान रूपी मूल भक्ति की पवित्रता से हटकर सफलता और धन की पूजा मानव के अहंकार की प्रवृत्ति है।

# कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा निष्पादन में परीक्षार्थियों का सहयोग अनिवार्य

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन



बौंसी। बांका। बिहार। दशमी बोर्ड परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में कई प्रकार के सवाल के साथ- साथ डर का अनुभव भी कर रहे होंगे। इन्हीं सारे सवालों का जवाब और परीक्षा का टिप्स दे रहे है बौंसी बाजार स्थित एलएनडी प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरीय शिक्षक पवन कुमार त्रिभुवन। दशमी बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थी यदि बताये टिप्स का अनुसरण करेंगे तो निश्चय ही बेहतर तरीके से परीक्षा दे पाएंगे और ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करेंगे। शिक्षक पवन कुमार त्रिभुवन ने बताया कि, परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी अपने मन से भय निकाल दें। प्रयास करें परीक्षा केंद्र के समीप ही परीक्षार्थी अपना आवास लें, ताकि प्रत्येक दिन घर से आने- जाने में लगने वाली समय का बचत हो और परीक्षार्थी अपने समय का सदुपयोग स्वध्याय में लगा सकें। परीक्षा केंद्र पर या जाने के पूर्व परीक्षार्थी सुपाच्य एवं हल्का भोजन ही लें। परीक्षा केंद्र पर मुख्य गेट बन्द होने के एक घंटा पहले पहुंचे। अपने पास केवल प्रवेश- पत्र, आधार कार्ड और दो अच्छी क्वालिटी की कलम रखें। प्रवेश- पत्र में दी गई निर्देशों को अच्छी तरह से अध्ययन करें। परीक्षा केंद्र के बाहर सटे शीट प्लान का अच्छी तरह अवलोकन कर केन्द्र में प्रवेश करें। निर्धारित कक्ष में सटे क्रमांक वाले बेंच पर जाकर शांतिपूर्वक स्थान ग्रहण करें। परीक्षा भवन में किसी से बात न करें। परीक्षा प्रारंभ होने के पंद्रह मिनट पूर्व वीक्षक द्वारा ओएमआर शीट ( वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने हेतु ) दिया जाएगा, जिसे अच्छी तरह गोला को रंगना है। प्रारंभिक एक घंटा के अंदर ओएमआर शीट में उत्तर भरकर तैयार रखें। एक घंटी बजने के बाद वीक्षक द्वारा ओएमआर शीट ले लिया जायेगा। परीक्षा भवन में दी जाने वाली उपस्थिति शीट में अपना हस्ताक्षर उसी प्रकार से करें जिस प्रकार प्रवेश- पत्र में किया गया है। समय- समय पर वीक्षकों द्वारा दी जाने वाली सूचनाओं का पालन करें। दीर्घ ( लॉंग ) उत्तरों को तेजी से लिखें ताकि समय के अंदर सभी प्रश्नों को हल किया जा सकें। वार्निंग घंटी बजने के बाद पुन: एक बार उत्तर पुस्तिका की जॉच कर लें। अंतिम घंटी बजने के बाद आप अपनी स्थान तब तक ना छोड़े, जबतक वीक्षक द्वारा बाहर जाने का आदेश ना हो जाए। अगले दिन होने वाली परीक्षा से संबंधित विषय का नोट्स घर पर लगातार देखते रहे। याद रहे कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा निष्पादन में परीक्षार्थियों का सहयोग अनिवार्य है।

# पत्रकार ने थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



बांका। बिहार। जिलांतर्गत अमरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा के कार्यालय वेशम में पत्रकार अमित कुमार झा ने शिष्टाचार मुलाकात मुलाकात के दौरान "नववर्ष-2024 की डायरी" से सम्मानित किया। पत्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिसकर्मी अपनी जान की परवाह न करके दिन- रात एक करके हमारे लिए काम कर रहे हैं उनका सम्मान भी जरूरी है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा अपराधियों के बीच खौफ का पर्याय और गरीब असहाय लोगों के लिए मददगार के रूप में जाने जाते हैं। पत्रकारिता के अनुभव से कहा जा सकता है किइनके अंदर कानून के प्रति अटूट विश्वास और आस्था के साथ मानवता भी है। अपने संबोधन में थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि अपराधमुक्त समाज की स्थापना करना आखिर हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस बिना जनता के सहयोग से सही ढंग से काम नहीं कर सकती। इस तरह जनता का सहयोग उत्साहवर्धन करने से पुलिस का मनोबल बढ़ता है। इसके साथ ही पत्रकार व पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने का बेहतर ढंग से कार्य करते हैं तथा इनके माध्यम से ही एक दूसरे को जुड़ने का अवसर सहजता से प्रदान होता है।

# पीजी में नामांकन की तिथि दो दिन और बढ़ी



दैनिक बिहार पत्रिका , भागलपुर। टीएमबीयू के पीजी सत्र 2023-25 में नामांकन के लिये दो दिन का और मौका दिया गया है। पहली मेरिट लिस्ट के अनुसार अब 10 फरवरी तक नामांकन कराया जा सकता है। इस संबंध में डीएसडब्ल्यू डॉ. डॉ. बिजेन्द्र कुमार ने पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार 13 फरवरी को दूसरी मेधा सूची जारी की जायेगी।

वहीं दूसरी मेधा सूची के अनुसार नामांकन 13 से 21 फरवरी तक होगा।

# गंगा नदी में लापता युवक का पांचवें दिन हुआ शव बरामद

रेशू रंजन, दैनिक बिहार पत्रिका

**खगड़िया।** जिले के गोगरी थाना अंतर्गत गंगा नदी में लापता युवक का शव पांचवें दिन बुढ़वा धार से शुक्रवार को बरामद कर लिया गया। शव पानी मे फुलकर तैर रहा था। परिजनों को जब सूचना मिली तो शव बरामद कर गोगरी थाना लाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव बरामद होने की खबर सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। नगर परिषद गोगरी वार्ड नंबर 15 के पार्षद प्रतिनिधि डॉ मनोज कुमार ने बताया कि गंगा नदी में लापता युवक का शव ढूंढने में प्रशासन की लापरवाही के कारण पांचवे दिन शव की बरामदगी हुई। वही उन्होंने कहा कि SDRF की टीम भी शव बरामदगी में नाकाम रहे। प्रशासन के लोग कोई रुचि नही ले रहे थे। उल्लेखनीय है कि गोगरी लक्ष्मीनगर के 38 वर्षीय सोमर चौधरी अपनी मां का अंतिम संस्कार कर गत 5 फरवरी को स्नान कर रहा था कि पैर फिसलने से नदी में डूब गया। घटना के तीसरे दिन शव बरामद करने SDRF की टीम काफी खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक शव बरामद नही किया जा सका। SDRF की टीम शव बरामद करने गंगा नदी में गोता भी लगाए, लेकिन शव बरामद नही हो पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगरी के रहने वाले महिंद्रा चौधरी की धर्म पत्नी के निधन होने पर उसका गोगरी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार करने स्थानीय दर्जनों लोग गए थे। अंतिम संस्कार के बाद जब गंगा में स्नान करने सभी लोग गए। स्नान के दौरान मृतका के 38 वर्षीय पुत्र सोमर चौधरी का पैर गहरे पानी मे फिसलने से वह नदी की तेज धारा में बह गया। काफी खोजबीन के बाद भी पता नही चल सका। स्थानीय ग्रामीणों ने नदी में तैरकर शव बरामद करने का काफी प्रयास किया था। इधर, शव बरामद होने के बाद परिजनों में मातम पसर गया है।



• सोमर चौधरी का फ़ाइल फ़ोटो



• स्थानीय लोगों की भीड़

# अलग-अलग रेलवे एक्ट में आरपीएफ ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका।खगड़िया



**खगड़िया** आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी अरविंद कुमार राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक चंद्रशेखर पासवान, आरक्षी विक्रम कुमार आजाद व सज्जन कुमार द्वारा शुक्रवार को खगड़िया स्टेशन में चेकिंग अभियान चलाकर अलग-अलग रेलवे एक्ट में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें तीन व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से ट्रेन में खाद्य पदार्थ बिक्री करने के जुर्म में, दो किन्नरों को अनाधिकृत रूप से यात्रियों को परेशान एवं बदतमीजी कर पैसा मांगने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध आरपीएफ खगड़िया में मामला दर्ज कर रेलवे न्यायालय खगड़िया में पेश किया गया।

# एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार का चौमुखी विकास - मनीष



रेशु रंजन , बिहार दैनिक पत्रिका

**खगड़िया** | पटना में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनीष कुमार राय ने एनडीए सरकार के गठन के उपरांत बिहार के उपमुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष भाजपा माननीय सम्राट चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के आवास पर मिलकर उन्हें उपमुख्यमंत्री बनने पर मोमेंटो एवं बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया एवं साथ ही दोनों उपमुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं भाजपा नेता मनीष कुमार ने कहा कि बिहार की जनता का अटूट विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर है । राज्य में एक बार फिर एनडीए सरकार बनने से बिहार का चौमुखी विकास सुनिश्चित होगा और संगठन नई ऊर्जा के साथ बिहार में निर्माण कार्य का संकल्प पूरा करेगी कुशल नेतृत्व एवं डबल इंजन की एनडीए गठबंधन की बिहार सरकार के सत्ता में आने से पिछड़ा, अतिपिछड़ा, अनुसूचित जातियों एवं गरीब,किसान, नौजवान महिलाओं को ये महसूस हो रहा है कि उन्हें न्याय दिलाने वाली सरकार आ गई है। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ये सरकार सफलतापूर्वक बेहतर कार्य करेगी एवं बिहार का स्वर्णिम विकास होगा एवं खगड़िया के विकास कार्यों पर चर्चा हुई

# रफ़्तार का कहड़: सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक की मौत, एक की हालत गंभीर

ब्यूरो रिपोर्ट। दैनिक, बिहार पत्रिका



**खगड़िया।** मानसी थाना क्षेत्र के एन एच एकतीस सड़क मार्ग पर तेज गति से आ रही चारपहहिया वाहन ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त धक्का मारा जहाँ मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों में से दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गया, जबकि एक युवक बुरी तरह से जख्मी है। घटना एन एच एकतीस चुकती माँ कत्यानी पैट्रोल पम्प के समीप का है। बताया गया की मृतक पश्चिमी ठाठा पंचायत के व्यख्तियारपुर गाँव का रहने वाला है। घटना के बारे में बताया जा रहा है की तीनों युवक अपने घर से मानसी बाजार मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहा था, जहाँ तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया, जहाँ मोटरसाइकिल का पच्के तो उड़ा ही उड़ा तीनों युवक भी कुचला गया जहाँ घटना स्थल पर ही दो युवक की घटना स्थल पर मौत हो गया, जबकि एक युवक बुरी तरह से जख्मी होकर जीवन ओर मौत से अस्पताल में जुझ रहा है। मृतक व्यख्तियारपुर गाँव के मणिलाल तांती का 25 वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार है जबकि दुसरा मृतक सकलदेव तांती का 18 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। वहीं जख्मी युवक मदन तांती का 19 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार है। मानसी पुलिस ने मृतक को जहाँ पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेजा वहीं जख्मी युवक का इलाज खगड़िया सदर अस्पताल में कराया जा रहा जिसकी स्तिथि नाजुक बताया जा रहा। थानाध्यक्ष शुभम पाण्डेय ने बताया की परिवार वालों की सुचना दे दिया गया है। इधर घटना के बाद गाँव में मातम छा गया है।जबकि चारपहिया वाहन धक्का मार गाड़ी सहित फरार हो गया।

# पसराहा पंचायत सरकार भवन में प्रतिनियुक्त कर्मी का नकारात्मक रवैया, लोगों में आक्रोश




रेशु रंजन , दैनिक बिहार पत्रिका

**पसराहा** :- गोगरी प्रखंड क़े अंतर्गत पसराहा पंचायत सरकार भवन में प्रतिनियुक्ति कर्मी का घोर लापरवाही इस दिन देखनें को मिल रहीं है, पसराहा पंचायत सरकार भवन में प्रतिनियुक्ति कर्मी का ड्यूटी पंचायत भवन में है। लेक़िन पसराहा पंचायत भवन में पसराहा पंचायत सचिव- अभिषेक कुमार सें लेकर आवास साहायक - श्रीमती पिंकी कुमारी , पंचायत रोजगार सेवक श्री दिनेश कुमार विकास मित्र - बौधू सादा का कुर्सी अक्सर खाली ही मिलता है, जिससे पंचायत क़े लोगो को सरकार द्वारा चालाए गेये विभिन्न तरह का योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है, वहीँ बीते शुक्रवार के दिन इन सभी कर्मी का कुर्शी खाली देखनें को मिला , तजुग की बात यें भी है, की पंचायत सरकार भवन में ताला लगा हुआ था। वहीँ जब इस सभी कर्मी सें पूछा गया कि आप पसराहा पंचायत सरकार भवन क्यों नहीं आए तो संबंधित कर्मी अलग अलग बाहाना बानातें नजर आए। इस कर्मी द्वारा इस नकारात्मक रवीय के कारण पसराहा के पंचायत के लोगों के मन में इस कर्मी के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हैं।

# जदयू कार्यालय में पूर्व सांसद स्व0 ब्रह्मानंद बाबू का श्रद्धांजलि सभा आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया




**खगड़िया**:कचहरी रोड स्थित जदयू कार्यालय में शुक्रवार को जदयू के जिला अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल की अध्यक्षता में मुंगेर के पूर्व सांसद व समता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय ब्रह्मानंद मंडल के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।मौके पर उनके नाम का जयकारे भी लगाये गये। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने कहा कि स्वर्गीय ब्रह्मानंद बाबू के खगड़िया - मुंगेर गंगा पुल निर्माण सहित मुंगेर के सर्वांगीण विकास में अतुलनीय योगदान रहा है, जिसे कतई नहीं भूलाया जा सकता है।उन्होंने तीन तीन बार सांसद रहे जो उनकी लोकप्रियता का परिचायक है।उन्होंने समता पार्टी के संस्थापक सदस्य से अध्यक्ष पद तक को सुशोभित कर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए अहम भूमिका निभाई और श्रद्धेय अटल जी के मंत्रीमंडल में शामिल तत्कालीन केंद्रीय मंत्री नीतीश कुमार से मिलकर गंगा पुल का शिलान्यास करवाये थे।उनके निधन से सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर अपूर्णीय क्षति हुई है। जदयू के राजनीतिक सलाहकार नीलम वर्मा व जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि स्मृति शेष ब्रह्मानंद बाबू का सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन संघर्षपूर्ण रहा।मुंगेर गंगा पुल उनके संघर्ष का ही प्रतिफल है।उनकी यशस्वी कृति सदैव स्मरणीय रहेगा।उन्होंने ऐसे अंग प्रदेश के संघर्षशील सुरमा को जदयू परिवार की ओर से कोटि-कोटि नमन किया। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष संदीप केडिया,उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला, मक्खन साह,राजीव कुमार गुप्ता उर्फ राजू, श्रीकांत सिंह कुशवाहा, ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो0 शहाव उद्दीन तथा जदयू नेत्री वीणा पासवान ने कहा कि स्वर्गीय ब्रह्मानंद बाबू गरीबों और पिछड़ों के लिए सदैव आवाज बुलंद करते रहे| इस अवसर पर पूर्व प्रमुख परमानन्द राय,मानसी प्रखण्ड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह,सदर प्रखण्ड अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह,मनोज सिंह,अविनाश पासवान,मुबारक हुसैन,धनिक लाल दास,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनय सिंह रोशन,महासचिव नरेश कुमार सिंह,धीरेन्द्र यादव ,अंगद कुमार,धर्मदेव पटेल,शंकर भगत,चन्द्रकला देवी,अजय कुमार साह,गंगाधर सिंह,सुरेन्द्र सिंह,कलावती देवी एवं राजीव कुमार ठाकुर आदि पार्टी के सैकड़ों साथी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गोगरी 30 महिलाओं का किया बंध्याकरण

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**गोगरी।** अनुमंडलीय अस्पताल गोगरी में शुक्रवार को परिवार नियोजन योजना के तहत 30 महिलाओं का बंध्याकरण डॉ. शोभा रानी ने की। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को बंध्याकरण किया जाता है। मरीजों को निशुल्क दवाई आदि दी जाती है। बंध्याकरण के लिए विभाग की ओर से पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# अलग-अलग मामले में 4 वारंटी धराये



**दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया।** शहर के अलग-अलग मामले में कार्रवाई कर फरार चार वारंटियों को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना क्षेत्र के धुसमुरी गांव के 50 वर्षीय अनिल शर्मा को जमीन विवाद में मारपीट व हर्ष फायरिंग में व दक्षिण भदास गांव के 53 वर्षीय कारेलाल सहनी को बच्चे के विवाद में मारपीट के मामले में पकड़ा गया। वही विशनपुर गांव के अनिल साह को खेत में लगे पंपसेट की चोरी मामले में फरार चल रहा था। दक्षिण भदास गांव के 35 वर्षीय मिठ्ठु कुमार को जमीन विवाद में मारपीट के आरोप में फरार था। जिसको मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।

# 112 पुलिस ने दो शराबियों को किया गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

शहर में अलग-अलग जगहों से दो शराबियों को गिरफ्तार लींया। मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के मथरापुर के विपीन कुमार को घर से व अलौली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव के जालींदर गुप्त को मथुरापुर चौक से गिरफ्तार किया गया। इधर नगर थानाध्यक्ष ने शुक्रवार को बताया कि दोनों शराबियों को 112 पुलिस ने पकड़कर थाना लाया था। जिसे सदर अस्पताल में स्वास्थ जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बेलदौर मामा ने भांजा पर लगाया गंभीर आरोप

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

**बेलदौर।** चोढ़ली पंचायत के वार्ड नंबर तीन निवासी राधेश्याम साह ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही भगिना पौरा गांव निवासी केदार साह के पुत्र मुरारी कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए मांस में जहर देकर पूरे परिवार को सफाया कर देने की साजिश रचने की शिकायत की है। घटना गुरुवार के दोपहर दो बजे के करीब की बताई जा रही है। उसका भगिना बकरे के मांस में जहर देकर उसके पुत्र अभिषेक कुमार को पनशलवा गांव में ंबुलाकर मांस दे दिया। घर में विवाद हो जाने के कारण किसी ने मांस नहीं खाया एवं उसे बाहर फेंक दिया ।

# डीएम आवास पर तैनात होमगार्ड जवान की मौत

दैनिक बिहार पत्रिका ,खगड़िया



डीएम आवास पर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवान की शुक्रवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान पसराहा थाना क्षेत्र के महदीपुर गांव के वार्ड संख्या 5 निवासी 55 वर्षीय श्री लाल सिंह के रूप में हुई है।बेटे संजीव कुमार ने बताया कि घर पर पिता की अचानक मौत हो गई। वे पिछले 20 सालों से डीएम आवास पर सुरक्षा ड्यूटी करते थे। इधर, होमगार्ड जवान की मौत की खबर मिलते पर होमगार्ड जवान संघ ने शोक व्यक्त किया है। परिजनों की जानकारी पर पसराहा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे परिजनों के मुताबिक लाल सिंह हर रोज ड्यूटी करने डीएम आवास जाते थे। सुबह उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। होमगार्ड जवान की मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है।